Regarding development of Dhana Air Strip in Sagar

Parliamentary Constituency-Laid

डॉ. लता वानखेड़े (सागर) : मैं, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में हवाई सेवा प्रारंभ करने हेतु ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि सागर लोकसभा क्षेत्र संभाग का मुख्यालय है और चार जिले इस मुख्यालय के अंतर्गत आते हैं, संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां मेडिकल कॉलेज, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय जैसे बड़े शैक्षणिक संस्थान है, साथ ही साथ सागर सेना की बड़ी छावनी है,तथा सागर जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर के मध्य स्थित है, इसलिए यहां के नागरिकों का इन शहरों में आना जाना होता रहता है । संभागीय मुख्यालय होने के कारण सागर मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर ढाना मे वर्षो पुरानी एक छोटी हवाई पट्टी मात्र है जिस पर केवल वी,आई पी मूवमेंट होती है । लेकिन वर्तमान मे उस हवाई पट्टी की स्थिति भी ठीक नहीं है इसलिए ढाना हवाई पट्टी का उन्नयन और हवाई पट्टी का विस्तार कर हवाई सेवा प्रारंभ की जा सकती है ताकि सागर भी बड़े शहरों से सीधे हवाई सेवा से जुड़ सकता है । यहां के नागरिकों की भी वर्षों से मांग है कि यहां पर हवाई सेवा प्रारंभ की जाए अतः निवेदन है कि ढाना हवाई पट्टी का विस्तार कर हवाई सेवा प्रारंभ करने की कृपा करें ।